>

Title : Continuous increase in prices of essential commodities in the country.

श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार को अपनी बात कहना चाहता हूँ। आज पूरे देश में महंगाई की स्थिति बहुत खराब हो गई है। जैसे त्रेता युग में सुरसा नाम की राक्षसिनी का मुँह कई योजन बढ़ा था, उसी तरह से आज देश में महंगाई ने मुँह पसार लिया है।

इसी तरह पूरे देश में उसी की तरह महंगाई ने मुंह पसार लिया है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि पूरे देश में गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को फल खाना छिन गए थे, कोई बात नहीं है, लेकिन अब सब्जी खाना भी छिन गई हैं, सब्जियां तो दूर हैं, अब तो मिर्च, हल्दी, प्याज, लहसुन, जिनसे चटनी बनाकर गरीब व्यक्ति खाता था, वह भी उसके मुख से छीनी जा रही है। 105-110 रूपये प्रति किलो हरी मिर्च है। आज प्याज, लहसुन, मिर्च के रेट आसमान को छू रहे हैं। आज हमें इन पर मूल्य नियंत्रण की आवश्यकता है। जिसमें व्यापारी और किसान का भी हित हो क्योंकि किसान को कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। चार रूपये प्रति किलो टमाटर बिक रहा था, आठ रूपये प्रति किलो प्याज बिक रही थी, वह आज 40-45 रूपये प्रति किलो पर टमाटर चला गया है। बिचौलिए और कुछ उद्योग जो कि इनका स्टोरेज कर सकते हैं, केवल वही कमा रहे हैं, किसान को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार राष्ट्रीय स्तर पर मूल्य निर्धारण आयोग का गठन अविलम्ब करने की कृपा करे।

महोदय, मैं एक और छोटी सी बात बताना चाहता हूं, उत्तर प्रदेश में महंगाई की ओर आपका ध्यान ले जाना चाहता हूं, चूंकि गरीब आज की स्थिति में वहां अपना पक्का मकान नहीं बना पा रहा है। इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत गरीबों को जो मकान दिया जाता है, वह उस मकान को बनाने में असमर्थ इसलिए होता जा रहा है...(व्यवधान) *

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, you have only one matter listed against your name, and it is on price rise. You have to speak only on that matter. If you have got any other matter to be raised in the House, then you can give a notice for the same tomorrow and speak in the House.

...(*Interruptions*)

श्री घनश्याम अनुरागी : महोदय, मैं महंगाई की बात कर रहा हूं...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You can give a notice for the same tomorrow in the Speaker's office. Therefore, you can speak only on the issue of price rise for which you have given notice today.

...(*Interruptions*)

श्री घनश्याम अनुरागी : महोदय, बालू और मिट्टी का रेट आसमान को छूने लगा है। इन पर उत्तर प्रदेश की सरकार ने बिलकुल कब्जा कर लिया है, उसे लूट का अड्डा बना लिया है। वहां महंगाई कई गुना ज्यादा बढ़ा दी गई है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. Only the issue of price rise raised by the hon. Member will go on record, and nothing else will go on record.

(Interruptions) â€¦ *

MR. CHAIRMAN: Now, Shri P. T. Thomas.

...(*Interruptions*)

---

* Not recorded

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): There was a discussion on the General Budget in the House, ...(*Interruptions*) and the hon. Finance Minister had replied to the debate in the House. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have given a notice to raise the issue of price rise, and only that will go on record. Nothing else will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The next hon. Member is Shri P. T. Thomas.

...(*Interruptions*)